

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## ग्राम पंचायत छिछली, भड़िया, मल्लिकापाठ, सरधापाठ में शिविर

# पीएम जनमन योजना में विशेष पिछड़ी जनजातियों को किया जा रहा लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों को लाभ पहुंचाने शिविर लगाया जा रहा है। जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर के बसाहट व पंचायत में पहुंचकर शिविर आयोजित कर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सिकल सेल जांच सहित विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत होकर निराकरण किया जा रहा है।

शिविर में अधिकारी द्वारा केंद्र शासन की योजना के संबंध में जानकारी देकर जागरुक एवं लाभ लेने प्रेरित किया जा रहा है। योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रशासनिक अमला विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला और पारा तक **पहुंच कर सहज तरीके से लोगों के बीच योजनाओं का प्रचार-** प्रसार कर रहे हैं। योजना के लिए पात्र लोगों की पहचान कर मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इन शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित



शिविर में लिया जा रहा समस्याओं की जानकारी।

किया जा रहा है। शिविर में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लोगों को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में जनजाति बहुल जिले के ग्राम छिछली (र) में आयोजित शिविर में 43 लोगों का सिकलसेल, 21 एनसीडी जांच किया गया। वही ग्राम पंचायत भड़यिा, मल्लिकापाठ, सरधापाठ सहित अन्य ग्राम पंचायतों में 100 से अधिक सिकलसेल,एनसीडी जांच किया गया। साथ ही शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया गया। अन्यग्राम पंचायतों में पहाड़ी कोरवा, बिरहोर समुदाय के लोगों के बीच पहुंच कर अधिकारी-कर्मचारियों ने उनसे जानकारी ली। साथ ही उन्हें जनमन योजना की जानकारी दी गई। योजना के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना और आयुष्मान कार्ड बनाने जैसी सुविधाएं लोगों को दी जा रही हैं। योजना के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण योजनाओंके क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# जिले के सुदूर क्षेत्रों में पहुंच रही "विकसित भारत संकल्प यात्रा"

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव और कस्बों में शिविर आयोजित की जा रही है। जिसमें हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

शिविर के दौरान प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, सुकन्या योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। साथ ही किसानों को ड्रोन के जरिए खाद व कीटनाशक छिडक़ाव की विधि, कृषि कार्य में जैविक खाद एवं नैनो यूरिया का उपयोग करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

गुरुवार को यह यात्रा जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पंचायत करदना, ग्राम तलासिली, कुनकुरी के ग्राम पंचायत रेमते, ग्राम ढोढ़ीडांड, बगीचा के ग्राम पंचायत भंवर, ग्राम बहोरा सहित अन्य ग्राम पंचायत पहुंची। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा



कार्यक्रम में नृत्य करते बच्चे।

की शपथ भी दिलवाई गई। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं।

- ग्राम पंचायत भंवर, बहोरा सहित ग्रामों में शिविर आयोजित

लाभार्थी स्वयं बता रहे हैं कि उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, चिरायु हरियाणा योजना, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमैटिक पेंशन व राशन कार्ड इत्यादि योजनाओं का किस प्रकार लाभ उठाकर अपने जीवन को आसान बनाया है। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। यह यात्रा जिले भर में जा रही है।

## खबर संक्षेप



### भू अर्जन का लाभ दिलाने राजस्व व एनएच की संयुक्त टीम का सर्वे

जशपुरनगर। बन्दरचुंवा से कुनकुरी तक व कुनकुरी से लोरो के बीच आने वाले ग्रामों का राजस्व एवं एनएच की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पत्थलगांव-झारखंड, छत्तीसगढ़ राज्य सीमा का एनएचडीपी- IV योजना के अंतर्गत चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य किया जाना प्रस्तावित है। प्रभावित हितग्राहियों की भूमि अर्जित कर 2021 में अवार्ड की गई थी। किन्तु इस योजना अंतर्गत कुछ हितग्राहियों की प्रभावित भूमि का खसरे छूट गया था। ऐसे हितग्राहियों के छुटे खसरों का पुनः पूरक अनुसूची हेतु सर्वे का कार्य किया जा रहा है।

### पंडरीपानी को मिला ओडीएफ प्रमाण पत्र

**फरसाबहार**। जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी को स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ-सफाई में मॉडल ओडीएफ का दर्जा मिला। मॉडल ओडीएफ का भारत शासन द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के हाथों विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान पंडरीपानी सरपंच श्रीमती एलिन खेस्स ने ग्रहण किया।

### 27 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित

**जशपुरनगर**। पीएम-जनमन योजना के तहत आज जिले के कुल 27 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पीएम-जनमन के तहत कुल 13 बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गुरूवार को पीएम-जनमन योजना के तहत ग्राम पंचायत सुलेसा, पंडरापाठ, बहोरा, कोदोपारा, हर्राडीपा, सन्ना, छिछली (र), सरधापाठ, भड़यिा और कुरकुरिया शिविर का औचिक निरीक्षण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु चिन्हांकित कर योजना तैयार की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया कि प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, एनसीडी, एनेमिया, गर्भवती महिला तथा टीकाकरण का कार्य शत प्रतिशत किया जाना है।

### भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

जशपुरनगर। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 9 जनवरी को नेहरू युवा केंद्र द्वारा किया जाएगा। माय भारत इंडिया@2047 पर भाषण प्रतियोगिता में 15- 29 वर्ष तक के इच्छुक युवा भाग ले सकते हैं। समय 7 मिनट भाषा हिंदी या अंग्रेजी स्थान शास राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय जशपुर पुरस्कार 1.जिला स्तर- प्रथम तीन विजेता को प्रमाण पत्र। 2. राज्य स्तर प्रथम पुरस्कार 100000 रूपए दूसरा पुरस्कार 50,000 रूपए तीसरा पुरस्कार 25000 रूपए (2 विजेता) को दिया जाएगा। नेहरू युवा केंद्र समय समय पर युवाओं के लिए ऐसे आयोजन करता रहा है। स्वामी विवेकानंद जी के जयंती अवसर पर युवा दिवस 12 जनवरी को मनाया जाएगा जिसमे तरह तरह केकार्यक्रमो का आयोजन किया का रहा है। इसके अंतर्गत युवा सप्ताह 12 से 19 जनवरी तक मनाया जाएगा ।



# सीईओ ने ली अंतर्विभागीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने कुटमा पंचायत में होने वाले मेगा इवेंट पीएम जनमन और विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को पीएम जनमन योजना अंतर्गत शत प्रतिशत लाभान्वित करने अंतर्विभागीय बैठक ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों एव दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की निर्देश दिए।

उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक अकाउंट सहित अन्य प्राथमिकता वाले कार्यों का प्राथमिकता से सर्वे कर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीव्हीटीजी बसाहटो में मूलभूत कार्यों आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थय, आजीविका आदि की शत प्रतिशत सुविधाएं मुहैया कराना है। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज, स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को मिल रही सुविधाओं, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन जैसी सुविधाओं का भी लाभ पहुंचाया जाएगा। जिससे वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ पाए। पिछड़ी जनजाति के वंचित सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं जनधन बैंक खाता खुलवाने के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले स्थानों में शिविर लगाने की बात कही। साथ ही इन बसाहटों में शिविर लगाने एवं अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने कहा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को पीएम जन मन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष प्लान करने के लिए कहा।

## जनहानि के मामले में 20 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जशपुरनगर। कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें बगीचा तहसील के ग्राम सामरबार निवासी ननसु का तालाब के पानी में डुबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती पति बाई, ग्राम मैनी निवासी घुरउ का सांप काटने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के पत्नी बिफईया बाई, ग्राम पसिया निवास आसमानी की नदी के पानी में डुबने से मृत्यु होने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पिता असमू नागवंशी, ग्राम नटकेला निवासी सीमा राम की तालाब के पानी से डुबने से मृत्यु होने पर मृतक के निकटम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती कमला बाई, ग्राम सरईपानी निवासी राकेश तिर्की की आकाशीय बिजली से मृत्यु होने पर मृतक के निकटमत वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती लिली तिर्की एवं ग्राम बोड़ापहारी निवासी लुटो बाई की कुआं के पानी में डुबने से मृत्यु होने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति जोलो राम हेतु 4-4 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृति की गई है।

# विधायक गोमती साय के प्रथम आगमन पर स्वागत की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

आठ बार से विधायक रहे रामपुकार सिंह को हराकर ऐतिहासिक जीत हासिल करने वाली विधायक गोमती साय का पहली कोतबा नगर पंचायत क्षेत्र में आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारी भाजपा कर रही है। कोतबा नगर प्रथम आगमन की जानकारी देते हुए भाजयुमो नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि विधायक गोमती साय के प्रथम नगर आगमन पर स्वागत की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर के बैगाबहार से स्वागत किया जाएगा। इसके बाद रोड शो करते हुए नगर भ्रमण कराया जाएगा।



मुख्य कार्यक्रम कारगिल चौक में भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा लड्डुओं से तौल कर सम्मानित किया जाएगा वही हनुमान मन्दिर के समीप पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा केला फल से तौल कर सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद बस स्टैण्ड में सभा व प्रवेश कार्यक्रम किया जाएगा। जहां स्वागत जलपान की व्यवस्था रौनियार समाज कोतबा इकाई द्वारा किया जाएगा। इसके बाद नगर के सबसे पुराने मन्दिर राम मन्दिर दर्शन करने के बाद गौण पारा में बूढ़ा महादेव के पूजन कर गायत्री मंदिर दर्शन पश्चात सभा संबोधन कर कार्यक्रम का समापन होगा। जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## साहू समाज के सदस्यों ने की अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष से मुलाकात

**जशपुरनगर**। जिले के बगीचा तहसील के महादेवडांड़ के साहू समाज के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सालिक साय से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान साहू समाज के अध्यक्ष शंभु गुप्ता, उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष चिंटू गुप्ता, सचिव मनोज गुप्ता, विनोद गुप्ता, सुभाष गुप्ता, शैलेश गुप्ता सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार गठित होने के बाद, प्रदेश में विधानसभा चुनाव में मतदाताओं मोदी की गारंटी के तहत किए गए वायदों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होनें बताया कि सरकार ने कैबिनेट की पहली ही बैठक में 18 लाख से अधिक पीएम आवास को स्वीकृत किया है।

# मुख्यमंत्री को फरसाबहार में अपैक्स बैंक व उपकोषालय खोलने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसाबहार

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अपने गृह ग्राम प्रवास के दौरान फरसाबहार राजस्व अनुभाग में अपैक्स बैंक, उपपंजीयक, उपकोषालय खोलने हेतु सुनीति भोय जनपद पंचायत सदस्य के नेतृत्व में मांग पत्र सौपा गया।

राज्य सहकारी बैंक को अति आवश्यक बताते हुए सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है,कि उन्हें कुनकुरी अपैक्स बैंक से आश्रित रहना पड़ता है। फरसाबहार में अपैक्स बैंक खुलने से फरसाबहार के 58 ग्राम पंचायत के हजारों किसानों को लाभ होगा। साथ ही बागबहार व कोतबा क्षेत्र के किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। फरसाबहार राजस्व अनुभाग अंतर्गत दो सहकारी समिति तपकरा एव कोनपारा संचालित है। इसी प्रकारभूमि क्रय विक्रय के लिए उप पंजीयक कार्यालय कुनकुरी जाना पड़ता है कभी कभी वँहा जाने के बाद भी काम नही होता है। कोल्हेनझरिया, माटी पहाड़ छर्रा, लवाकेरा ,सागजोर के ग्रामीणों को 70 से 75किलोमीटर की दूरी तय करके रजिस्ट्री कार्यालय उप पंजीयक कुनकुरी जाना पड़ता है इसलिए उप पंजीयक कार्यालय खोलने से फरसाबहार राजस्व अनुभाग क्षेत्र के ग्रामीणों को परेशानी में राहत मिलेगी। राजस्व अनुभाग फरसाबहार में उप कोषालय की आवश्यकता है। क्योंकि फरसाबहार राजस्व अनुभाग क्षेत्र के कर्मचारियों के बेतन भत्ते के लिए कुनकुरी उप कोषालय से आश्रित रहना पड़ता है श्रीमती सुनीति भोय जनपद पंचायत सदस्य ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अवगत कराया है कि यह मांग लगातार 2018 से उठाती आ रही है। मांग पत्र सौपने के अवसर पर श्रीमती सुनीति भोय जनपद पंचायत सदस्य, श्रीमती सुरन्ति पैंकरा सरपंच जाम टोली, धन साय सिदार सरपंच हाथीबेड, श्रीमती गीता पैंकरा सरपंच जोरन्डाझरिया, श्रीमती नीलम भगत सरपंच माटी पहाड़ छर्रा, विजय पैंकरा, सरपंच कुल्हारबूढा, जितेंद्र साय सरपंच कोल्हेनझरिया, परसु माझीसरपंच, हरदेव कोल्हेनझरिया, चंदन, नंद लाल , जगदेव , पुने यादव, रमणी धर सिदार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## पारिवारिक विवाद पर पिता पुत्र ने किया चाकू से हमला

**अंबिकापुर**। पारिवारिक विवाद पर भाई पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। विजयनगर चौकी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम चुमरा निवासी राजकुमार अगरिया अपने छोटे भाई जोखू अगरिया से 1 जनवरी को पारिवारिक बात को लेकर विवाद कर रहे थे। विवाद की सूचना ग्रामीण की पुत्री ने अपने भाई संदीप अगरिया को दी। युवती अपने भाई को विवाद की जानकारी दे रही रही थी कि बड़े पिता राजकुमार अगरिया व उसके पुत्र अरुण अगरिया जोखू अगरिया से मारपीट करने लगे। इस दौरान पिता पुत्र ने जोखू अगरिया को जान से मारने की धमकी देते हुए चाक़ू से सिर पर हमला कर दिया ।

# आदिम जाति व अनुसूचित जाति विद्यार्थियों के लिए उत्कर्ष योजना

**जशपुरनगर**। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने नई सोच के साथ बेहतर कैरियर चयन का अवसर प्रदान करते हुए प्रतिस्पर्धी बनाने तथा बर्हिमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर प्रदान कराने के लिए आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना लागू किया गया है।

इसके अन्तर्गत छग राज्य के चयनित उत्कृष्ट प्राईवेट स्कूलों के कक्षा 6वीं में प्रवेश कराया जाता है, कक्षा 12वीं तक शाला का सम्पूर्ण शुल्क विभाग द्वारा वहन किया जाता है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अन्तर्गत वे विद्यार्थी जो छग के मूल निवासी हो, छग राज्य के मान्य




- प्रवेश के लिए 10 मार्च को जिला मुख्यालय में होगी परीक्षा

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो तथा मान्यता प्राप्त शाला में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत, जो कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो, तथा जिसके पालक की समस्त स्त्रोतों से आय 2.50 लाख से अधिक न हो एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययनरत हो पात्र होंगे। आदिम जाति, अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 10 मार्च 2024 को समय 12.00 बजे से 2.00 बजे तक जिला मुख्यालय में परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इच्छुक विद्यार्थी अपना आवेदन 25 जनवरी 2024 तक संबंधित शाला प्रमुख के माध्यम से विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जशपुर के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा विभागीय वेबसाईट में भी जानकारी उपलब्ध है।

## सड़क दुर्घटना में गईं थी जिब्यानुस की जान

# गोवा में मृत ग्रामीण के परिजन को मुख्यमंत्री की पहल से मिली शव वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गोवा में सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाले अंबिकापुर जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के बनिया गांव निवासी जिब्यानुस लकड़ा के स्वजनों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर बड़ी राहत मिली। मृतक के शव को रायपुर से गृह ग्राम बनिया तक लाने के लिए निःशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराया गया।

- स्वजनों ने सहायता के लिए जताया मुख्यमंत्री का आभार

जानकारी के अनुसार बनिया निवासी जिव्हाबानुस लकड़ा पिता फिदर रोजगार की तलाश में गोवा



शव को वाहन को लोड करते कर्मचारी।

गया था,वहां जिब्यानुस मैग संस नामक निजी कंपनी मे नौकरी कर रहा था। बताया जा रहा है कि 2 जनवरी को दो स्कूटी के बीच हुई सीधी भिड़ंत में जिव्यानुस की मौत हो गईं थी। घटना के बाद कंपनी प्रबंधन ने मृतक के शव को निजी विमान से रायपुर के माना विमानतल तक पहुंचा दिया था,लेकिन मृतक के स्वजनों के सामने शव को रायपुर से गृह ग्राम बनिया तक लाने की समस्या थी। निजी शव वाहन के संचालक किराए के लिए मोटी रकम मांग रहे थे, ऐसे में मृतक के स्वजन दीपक लकड़ा और प्रभात तिर्की ने सहायता के लिए बगिया स्थित सीएम निवास से सम्पर्क किया। सीएम निवास ने सहायता के लिए पहल करते हुए रायपुर के स्वास्थ्य अधिकारियों से सम्पर्क कर, निःशुल्क शव वाहन की व्यवस्था कराई। परिजन ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सीएम निवास का आभार व्यक्त किया है।

# काम पूरा नहीं करने पर एसडीएम व तहसील कार्यालय के रीडरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के ऑनलाईन प्रकरणों,आदेशों व पेशी तिथियों को अद्यतन नहीं करने के मामले में कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी कर रीडरों से जवाब-तलब किया है।

कलेक्टर डॉ.रवि मितल ने न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी के ऑनलाईन प्रकरणों व आदेशों के पेशी तिथि को अद्यतन नहीं करने पर एसडीएम कार्यालय कुनकुरी के सहायक ग्रेड-02 एवं रीडर तहसील कार्यालय कुनकुरी के नील कुमार कुजूर व सहायक ग्रेड-03 एवं रीडर श्रीमती रश्मि तिर्की, तहसील कार्यालय फरसाबहार के सहायक ग्रेड-02 एवं रीडर शरद कुमार कश्यप, तहसील कार्यालय पत्थलगांव के सहायक ग्रेड-02 एवं रीडर शिव कुमार टण्डन, तहसील कार्यालय बागबहार के सहायक ग्रेड-02 एवं रीडर दुर्बादल प्रधान एवं तहसील कार्यालय कांसाबेल के सहायक ग्रेड-03 एवं रीडर लालजीत कुर्रे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने विगत दिवस 02 जनवरी 2024 आयोजित समय-सीमा बैठक में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुनकुरी और तहसील कार्यालय कुनकुरी, फरसाबहार, पत्थलगांव, बागबहार एवं कांसाबेल के ऑनलाईन प्रकरणों, आदेशों, पेशी तिथियों को संबंधित रीडर के द्वारा अद्यतन नहीं किया जाना पाया गया। इस प्रकार रीडर के उक्त कृत्य अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही का घोतक है। जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 व 07 के विपरीत है। रीडरों के इस कृत्य के लिए क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। नोटिस करते हुए कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों में से ऐसे प्रकरण जिसमें पेशी तारीख की जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है को शून्य करते हुए 06 जनवरी 2024 तक स्पष्टीकरण समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नियत समयावधि में समाधानकारक जवाब प्राप्त नहीं होने पर रीडरों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

- पेशी तिथि तक आनलाइन प्रकरण की नहीं दी जानकारी

# प्रतीक्षा बस स्टैंड में ननि ने चलाया अभियान, चार गुमटियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


अतिक्रमण हटाते निगम करमीं।

शहर में एक बार फिर से नगर निगम में नो वेंडिंग जोन में नियम विरुद्ध तरीके से संचालित ठेले गुमटियों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को ननि आयुक्त के निर्देश पर उड़न दस्ता दल की टीम द्वारा शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में अभियान चलाकर गुमटियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम द्वारा चार गुमटियों को जब्त किया गया इसके साथ ही दर्जनभर से अधिक गुमटी संचालकों को अपना नो वेंडिंग जोन से अपनी गुमटियों को हटाने के निर्देश दिए है जिसके बाद गुमटी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जिला प्रशासन व नगर निगम की टीम एक्टिव हो गई है और शहर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करने अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नो वेंडिंग जोन में संचालित ठेले गुमटियों को हटाया जा रहा है। इस बीच शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में भी बड़ी संख्या में नो वेंडिंग जोन में संचालित ठेले गुमटियों को निगम आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देश पर नोटिस जारी किया गया था। बस स्टैंड में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से गुमटियां संचालित की जा रही थी। बड़ी बात यह है कि इन गुमटियों में शाम के बाद अवैध रूप से शराब परोसने का काम भी किया जा रहा था जिससे बस स्टैंड का माहौल बिगड़ रहा था। नोटिस के बाद भी गुमटियों को नहीं हटाने के बाद आज ननि आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देश पर उड़न दस्ता टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। टीम बुलडोजर लेकर बस स्टैंड पहुंची और चार गुमटियों को जब्त कर लिया। बुलडोजर कार्रवाई के बाद गुमटी संचालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान गुमटियों को जब्त होने की कार्रवाई से बचने के लिए संचालकों ने खुद ही गुमटियों को खाली करना शुरू कर दिया।

# पहाड़ी कोरवा ग्राम घटगांव में शिविर लगाकर दी गई योजनाओं की जानकारी



**राजपुर।** विकासखंड के पहाड़ी कोरवा ग्राम घटगांव में सोमवार को प्रधानमंत्री जनमन योजना व विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस दौरान भाजपा जिला मंत्री व सभापति मुकेश गुप्ता ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष पीछे जनजाति पहाड़ी कोरवा को लेकर एक बड़ी योजना चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री जन मन योजनास्टॉल लगाकर हमारे पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगों को सभी सुविधाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। राशन कार्ड, पेंशन कई जगह पेयजल व्यवस्था को लेकर के विद्युत व्यवस्था लेकर के आवेदन शिविर में मिले है मिला है जिसको संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है। अमला पहाड़ी कोरबा बस्ती में योजनाओं का लाभ दिलाने सर्वे कर रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय की सरकार बन गई है पूरे प्रदेश में हर योजना का लाभ शुरू हो गया है। बरियों मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल जायसवाल ने तीन पंचायत घटगांव, आरा, अमडीपारा के लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को विशेष रूप से जानकारी लेकर उसका लाभ लेने की बात कही। शिविर में बरियों मंडल महामंत्री जितेंद्र जायसवाल, प्रभारी सीईओ यसवंत सिंह, बीईओ अदित्य पाटनवार, एसडीओ धर्मेंद्र गुप्ता, मंडल संयोजक रमेश आगरे, त्रिवेद सांडिल्य, पंचायत इंस्पेक्टर फूलमोहन राम, श्याम लाल गुप्ता, संतोष मिश्रा, ककना पूर्व सरपंच हरिकिशन पैकरा व अन्य मौजूद थे।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

पाठकों के लिए
# पाठक पुरस्कार योजना-2023

## कूपन फार्मेट

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |

**नोट : फार्मेट जमा करने की अंतिम तिथि - 5 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक अपने जिला कार्यालय - संवाददाता एवं हरिभूमि कार्यालय में जमा कर सकते है।**

**नियम एवं शर्तें :-** * हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। * बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। * इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 24 कूपन (16 सामान्य कूपन एवं 8 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। * योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। * फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे। * राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। * पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। * हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। * किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। * चित्र में दर्शाए गये उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। * हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

**आवश्यक नोट : फार्मेट के साथ आधार कार्ड या पहचान पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।**

### कार्यालय प्रति

नाम : ........................................ पिता/पति का नाम : .............................. पता : ..............................

मोबाईल : .......................... एजेंसी का नाम : ................................................ दिनांक ................

✂ - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - ✂

### ग्राहक प्रति

नाम : ........................................ पिता/पति का नाम : .............................. पता : ..............................

मोबाईल : .......................... एजेंसी का नाम : ................................................ दिनांक ................

## फिल्म इवेंट

### छॉलीवुड

## नशे के क़ारोबार पर हिन्दी-छत्तीसगढ़ी में बनने जा रही 'गैंग्स ऑफ रायपुर'



**रायपुर।** लोकायन भवन में आज ट्राइबल वॉरियर प्रोडक्शन एवं के. एस. के. वर्क्स के बैनर तले नशे के कारोबार पर आधारित हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'गैंग्स ऑफ़ रायपुर' की घोषणा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाने-माने फ़िल्म डायरेक्टर सतीश जैन, विशेष अतिथि प्रोड्यूसर-डिस्ट्रीब्यूटर अलक राय तथा वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध दुबे थे।फ़िल्म के निर्माता साजिद खान एवं निर्देशक के. शिव कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि "गैंग्स ऑफ रायपुर" एक काल्पनिक क्राइम ड्रामा है, जो कि राजधानी रायपुर में चल रहे नशे के कारोबार पर केन्द्रित है। इस फ़िल्म की कहानी तैयार करने से पहले वरिष्ठ पुलिस अफ़सरों एवं चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े लोगों से बातचीत कर समझने की कोशिश की गई कि ऐसा कौन-कौन सा नशा है जिसका समाज पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। फ़िल्म की शूटिंग 15 फरवरी के आसपास शुरु होगी। रायपुर एवं आसपास के क्षेत्र में फ़िल्मांकन होगा। मई या जून महीने में इस फ़िल्म का प्रदर्शन होगा। फिल्म में भरपूर ड्रामा, एक्शन, इमोशंस, कॉमेडी और रोमान्स होगा। टीम मेम्बर्स में विनोद कुमार कैमरामेन चेन्नई से हैं, जो कि तमिल सिनेमा में पिछले कई सालों से काम कर रहे हैं। एडिटिंग मयंक रैकवार करेंगे। मयंक मुम्बई के एक नामी प्रोडॅक्शन हॉउस में हॉलीवुड की कुछ फिल्मों के लिए वीएफएक्स व एडिटिंग कर चुके हैं। गैंग्स ऑफ रायपुर के कलाकारों के लिए ऑडिशन 15 से 18 जनवरी को मोर माटी ऑफिस में 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच रखा गया है।

### टॉलीवुड

## भूकंप की चेतावनी के बीच जापान से घर लौटे जूनियर एनटीआर बोले- मैं



**हैदराबाद।** साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर जापान से लौट आए हैं। अभिनेता अपने परिवार के साथ जापान में छुट्टियां मना रहे थे। जापान में आए सिलसिलेवार भूकंपों में कई लोगों की मौत के बाद वह सोमवार देर रात घर लौट आए। जूनियर एनटीआर ने मंगलवार सुबह यह बताया कि वे जापान से लौटे हैं और द्वीप देश में आए शक्तिशाली भूकंपों की एक सीरीज के बाद इसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भूकंप ने जापान के पश्चिमी क्षेत्र को प्रभावित किया, जिससे कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और इमारतों, वाहनों और नौकाओं को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने मंगलवार को कुछ क्षेत्रों में लोगों को चेतावनी दी कि वे और अधिक मजबूत भूकंपों के खतरे के कारण अपने घरों से दूर रहें। जूनियर एनटीआर ने अपना पिछला सप्ताह जापान में बिताया था। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि वे देश में आए भूकंप से गहरे सदमे में हैं। उन्होंने लिखा, 'जापान से आज घर लौटा हूं और भूकंप के झटकों से बहुत सदमे में हूं। पिछला पूरा सप्ताह वहां बिताया और प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। लोगों के लचीलेपन के लिए आभारी हूं और शीघ्र स्वस्थ होने की उम्मीद करता हूं। जापान, मजबूत बने रहें। इससे पहले सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में जूनियर एनटीआर को जापान से हैदराबाद हवाईअड्डे पर पहुंचते देखा गया। उनके साथ उनकी पत्नी, लक्ष्मी प्रणति और उनके दो बच्चे- अभय और भार्गव भी थे। परिवार ने हाल ही में जापान में क्रिसमस और नया साल मनाया। घर लौटने के बाद जूनियर एनटीआर ने भी उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### भोजपुरी

## 'अयोध्या के श्रीराम' में अपनी आवाज देंगे रवि किशन




**नई दिल्ली।** अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर भव्य उद्घाटन की तैयारी बहुत ही जोर शोर से चल रही है। इस अवसर पर अभिनेता और सांसद रवि किशन अपने म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' को लांच करने की तैयारी कर रहे हैं। इस म्यूजिक वीडियो में अभिनेता रवि किशन खुद अपनी आवाज देने जा रहे हैं, जिसकी रिकॉर्डिंग दिल्ली में होगी। रवि किशन कहते हैं कि पुरे विश्व की नजर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर उद्घाटन पर है। विश्व के श्रद्धेय प्रभु श्री राम के चरणों में यह म्यूजिक वीडियो समर्पित है। अभिनेता और सांसद रवि किशन ने अपने संसदीय क्षेत्र गोरखपुर में नवरात्रि की सप्तमी के दिन म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' की शूटिंग कर चुके हैं। उस समय म्यूजिक वीडियो की शूटिंग रफ ट्रैक पर ही हुई थी आज रवि किशन इस वीडियो के गाने की रिकॉर्डिंग अपनी आवाज में करेंगे। रवि किशन कहते हैं, 'अयोध्या के श्रीराम' के गाने की शूटिंग हमने बहुत ही भव्य स्तर पर गोरखपुर में राजघाट में की, जिसमें मुंबई से 500 डांसर ने भाग लिया है। यह अपने आप में अद्भुत म्यूजिक वीडियो है।' म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' का निर्माण अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर भव्य निर्माण को लेकर किया गया है। एल्बम का निर्माण कर रहे निर्माता निरंजन कुमार सिन्हा कहते हैं, 'इस गाने की शूटिंग की तैयारी काफी समय से चल रही थी। रवि किशन से जब इस म्यूजिक वीडियो के लिए बात की तो वह तुरंत तैयार हो गए। गाने का फिल्मांकन बहुत ही भव्य तरीके से हुआ, फिर विचार किया कि क्यों ना रवि किशन ही इस म्यूजिक वीडियो में अपनी आवाज भी दे, मेरे इस निवेदन को उन्होंने सहर्ष की स्वीकार कर लिया और आज हम गाने की रिकॉर्डिंग कर रहे हैं।' म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' के संगीतकार माधव एस राजपूत हैं। इस गीत को मिनाक्षी एसआर और प्रणव वत्स ने लिखे हैं। संगीतकार माधव एस राजपूत ने ही रफ ट्रैक गए थे, जिसे आज रवि किशन अपनी आवाज में दिल्ली सफदरगंज के कथारस स्टूडियो में रिकॉर्ड कर रहे हैं। यह म्यूजिक वीडियो 14 जनवरी को यूट्यूब चैनल पर लांच होगा और 17 जनवरी को इस एल्बम की लॉन्चिंग पार्टी का आयोजन मुंबई में होगा।

## लाइफ स्टाइल

### हीरों से जड़ी जेवर

अमेरिकी मॉडल, मीडिया हस्ती और व्यवसायी केंडल निकोल जेनर इन दिनों सुर्खियों में हैं। क्रिस जेनर और ब्रूस जेनर की बेटी केंडल ने फैशन के अलावा अभिनय की दुनिया में भी धूम मचाई है। उन्हें रियलिटी टेलीविजन श्रृंखला कीपिंग अप विद द कार्दशियन से खूब प्रसिद्धि मिली। केंडल अपनी ड्रेस की वजह से भी अक्सर चर्चा में रहती है। हाल ही में हीरों से जड़ी इस ड्रेस के साथ केंडल नजर आई और उन्होंने मीडिया की खूब सुर्खियां बटोरी।



## सर्दियों में रखें नाखूनों का ध्यान, वरना होगी बड़ी परेशानी

सर्दियों में अक्सर देखा जाता है कि सर्दियों के मौसम में नाखून काफी रूखे हो जाते हैं। इसी के चलते उनका ध्यान रखना भी काफी जरूरी होता है। अगर आप नाखूनों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो ये टूटने लगते हैं। इनकी नमी बरकरार रखना बेहद जरूरी हो जाता है। इसके लिए आप नारियल के तेल या फिर बादाम के तेल से अपने नाखूनों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं।अगर आप अपने नाखूनों पर हमेशा बेस कोट लगाकर रखेंगे, तो ये आपके नाखूनों को धूल और गंदगी से बचा कर रखेगा। इससे नाखून मजबूत भी होते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम नाखून साफ करते वक्त



क्यूटिकल्स को काट देते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। क्यूटिकल्स को काटने की बजाय उसपर लोशन या क्यूटिकल क्रीम लगाकर उनका ध्यान रखें। अगर आप अपने नाखूनों का ध्यान सही से रखना चाहते हैं, तो नींबू के साथ बेकिंग सोडा या अंडे और शहद को मिलाकर अपने नाखूनों पर लगा सकते हैं। नाखूनों के लिए ये बेहतर नेल मास्क है। कोशिश करें, कि सर्दियों के मौसम में पानी में ज्यादा नाखूनों को ना भिगोएं। अगर आप ऐसा करेंगे, तो नाखूनों में ड्राईनेस हो सकती है। इससे नाखून कमजोर हो सकते हैं।

## इस बीज के इस्तेमाल से सिल्की बनेंगे आपके बाल

अलसी जिसे हम फ्लैक्सीड के नाम से भी जानते हैं, यह ना केवल खाने बल्कि बालों को मजबूत, स्मूथ और शाइनी बनाने के काम भी आता है। इस बीज में प्रोटीन, ओमेगा -3 फैटी एसिड, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ई, विटामिन बी, मैगनीशियम, मैंगनीज और सेलेनियम आदि जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो बालों के लिए काफी लाभदायक हैं। इसी के चलते आज हम आपको बालों में इसका इस्तेमाल करना बताएंगे। अगर आप अलसी के बीजों का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले पानी को उबाल कर उसमें दो बड़े चम्मच अलसी के सीड्स डालें। अब इसे 7-8 मिनट तक अच्छे से उबालें।जब पानी गाढ़ा होने लगे तो इसे सही से छान लें। अब इस छाने हुए पानी में एक छोटी चम्मच एलोवेरा जेल और एक चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इन सब चीजों को मिलाने के बाद कुछ बूंदे एसेंशियल ऑयल की मिला दें। अब इसका स्मूद पेस्ट बन कर तैयार हो जाएगा।



## सर्दियों में दिखना है स्टाइलिश तो इनके लुक्स पर डालें एक नजर

फैशन



जब गर्मी का मौसम चल रहा होता है, तो लोगों के पास स्टाइलिश दिखने के कई विकल्प होते हैं लेकिन जब बात सर्दियों की आती है तो ये दुविधा आ ही जाती है कि कैसे कपड़े पहनकर खुद को स्टाइलिश दिखा सकते हैं।



दरअसल, सर्दी के मौसम में स्टाइल दिखने के साथ-साथ सर्दी से बचाव करना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आप अपना ध्यान नहीं रखेंगे तो तबियत खराब होने की संभावना भी रहती है। ऐसे में स्टाइलिश दिखने के साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखने की भी काफी जरूरत होती है।

**सोनम कपूर:** अगर आपको ड्रेस पहनना पसंद है तो सर्दियों में भी इस तरह की वुलेन ड्रेस के साथ आप ऐसा कोट कैरी कर सकती हैं। इसके साथ लॉग बूट्स बेहद क्लासी लुक देंगे।



**स्कर्ट-टॉप लुक:** सोनम कपूर को बॉलीवुड की स्टाइलिश डीवा कहा जाता है। ऐसे में आप उनके विंटर कलेक्शन से टिप्स ले सकती हैं। उनका ये स्कर्ट-टॉप लुक भी सर्दियों के हिसाब से काफी प्यारा है। आप इसके साथ ओवर कोट पहन सकती हैं।

**परिणीति चोपड़ा :** एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा अक्सर विदेश में ही रहती हैं। ऐसे में उनके विंटर लुक्स बेहद कमाल के होते हैं। अगर आप भी उनकी तरह दिखना चाहती हैं तो ब्लैक लैगिंग्स के साथ इसी तरह का स्वेटर काफी प्यारा लुक देता है।

### ओवरकोट के साथ पहनें कैप

इस तरह का ओवर कोट आजकल काफी चलन में है। ऐसे में आप इस तरह को ओवर कोट के साथ जींस पहन सकते हैं। इसके साथ कैप पहनकर आपका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

**प्रियंका चोपड़ा :** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपने लुक्स की वजह से हमेशा लोगों की सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उनका हर लुक काफी क्लासी होता है। सर्दियों में अगर आप स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो एक्ट्रेस का ये लुक एक बेहतर विकल्प है। इस तरह का स्वेटर आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। जैकेट लुक दिखेगा कूलअगर आप सर्दियों में कूल दिखना चाहती हैं, तो डेनिम जींस के साथ इस तरह की बॉम्बर जैकेट आप पहन सकती हैं।

## तुरंत जाना है पार्टी में तो आसान तरीके से करें मेकअप

अगर आपको अचानक से पार्टी का बुलावा आ जाए तो मेकअप में कुछ परेशानी होती है। लेकिन वक्त को देखते हुए आप कुछ टिप्स के साथ बेहतर मेकअप कर सकती हैं।



मेकअप से पहले चेहरे को अच्छे तरीके से मॉइस्चराइज करें ताकि आपकी त्वचा चमकदार और स्वस्थ लगे। मेकअप से पहले त्वचा पर प्राइमर लगाना भी फायदेमंद होता है।

**फाउंडेशन:** इसके बाद अपनी स्किन टोन के हिसाब से एक अच्छा फाउंडेशन चुनें और इसे अच्छी तरह से ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि इसकी मात्रा ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

**कंसीलर:** आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स या चेहरे के किसी अन्य हिस्से को कवर करने के लिए कंसीलर इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे के दाग-धब्बे छिप जाएंगे।

**आंखों का मेकअप:** पार्टी के लिए स्मोकी आंखें, न्यूड लुक या बोल्ड आंखों का मेकअप चुनें। बस इस बात का ध्यान रखें कि आंखों का मेकअप अच्छी तरह के ब्लेंड हो चुका हो।


**गालों पर लगाएं ये:** मेकअप पूरा करने के लिए चेहरे पर ब्लश और हाइलाइटर लगाकर आप अपने चेहरे की चमक बढ़ा सकते हैं।

**लिपस्टिक:** सबसे आखिर में अपनी पसंद की लिपस्टिक, लिप ग्लॉस, या लिप लाइनर का चयन करें। ध्यान रखें कि ये आपके मेकअप से मैच करनी चाहिए।

## सर्दियों में साड़ी के साथ स्वेटर को मिक्स मैच करके स्टाइल करें ब्लाउज

साड़ी स्टाइल करना हर लड़की पसंद करती है। इसके लिए अलग-अलग डिजाइन की साड़ियां खरीदती हैं ताकि वो सबसे अलग और खूबसूरत लगे। लेकिन सर्दियों में ऐसा नहीं होता है क्योंकि उसमें इसे स्टाइल करना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि समझ नहीं आता है कि साड़ी के साथ ब्लाउज को कैसे वियर करें ताकि सर्दी न लगे। इसके लिए जरूरी है कि आप यहां बताए गए हैक्स को ट्राई करें। इससे आपका साड़ी लुक काफी अच्छा नजर आएगा।

**ब्लाउज के कलर से मैच करके स्टाइल करें स्वेटर:** अगर आपको साड़ी में स्टाइलिश लगना है तो इसके लिए आपक सर्दियों में ब्लाउज के कलर के मैचिंग स्वेटर को खरीदें। इस बात का ध्यान रहे कि ये स्लीवलेस हो ताकि बाजू पर बने डिजाइन या फिर पैटर्न अच्छे से



हाईलाइट हो सके। इस तरीके के स्वेटर को आप ब्लाउज के ऊपर वियर करें।

**एक्सेसरीज को करें एड:** इस लुक को और ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए साड़ी के साथ एक्सेसरीज को मिक्स मैच करें। इसके लिए (फुल स्लीव्स ब्लाउज) आप साड़ी के कलर से मैचिंग एक्सेसरीज वियर कर सकती हैं वरना आप चाहे तो कॉन्ट्रास्ट में भी ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। इससे भी आप काफी सुंदर नजर आएगी।

### इन बातों का रखें ध्यान

जब भी आप साड़ी के साथ स्वेटर वियर करें तो इसके लिए आपको सिंपल वर्क वाले स्वेटर को खरीदना है। इस बात का ध्यान रखें कि किसी और कलर को मैच करके साड़ी के साथ स्वेटर न पहनें। इससे (यंग लड़कियों के लिए ब्लाउज डिजाइन) आपका लुक खराब लग सकता है। जब भी आप ज्वेलरी खरीदें तो नेकलाइन का खास ध्यान रखें ताकि वो लुक को खराब न कर दें।जरूरी नहीं कि आप साड़ी के साथ ओपन हेयर स्टाइल बनाएं बन भी क्रिएट कर सकती हैं।इन बातों का ध्यान रखेंगी तो सर्दियों में आप आसानी से स्वेटर वियर कर पाएंगी और लुक को परफेक्ट बना पाएंगी। इसके लिए आपको ऑनलाइन काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे।

### कार्नर न्यूज

### बदलते फैशन ट्रेंड के बीच स्टाइलिश दिखना चुनौती

## ड्रेसिंग के ये तरीके अपनाएं लड़के मिलेगा ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक

*लड़के भी स्टाइलिश दिखना चाहते हैं। परफेक्ट लुक के लिए लड़कियां हों या लड़के सभी अपने अपने तरीके से ट्रेंडी फैशन का अपनाते हैं। ड्रेसिंग स्टाइल से लेकर फुटवियर और एक्सेसरीज को कैरी करके सबसे बेस्ट दिखने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। फैशन ट्रेंड बदलता रहता है। समय और मौके के मुताबिक कपड़ों का चयन आपको फैशनेबल बनाता है। बात लड़कों के फैशन की करें तो लड़कियों के मुकाबले लड़कों के पास कम विकल्प होते हैं। लेकिन स्टाइलिश दिखने के लिए वह भी अपने तरीके से ड्रेस अप होने और खुद को प्रेजेंट करने का काम करते हैं। अगर आप अपनी पर्सनेलिटी को स्टाइलिश और फैशनेबल तरीके से लोगों के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आपके लिए कुछ टिप्स हैं।*



**सही साइज के कपड़े पहनें:** आप कितने भी महंगे या ब्रांडेड कपड़े पहन लें, लेकिन अगर वह आपके बॉडी पर परफेक्ट तरीके से फिट नहीं होते तो उनसे आपका लुक खराब हो जाएगा। किसी भी कपड़े को कैरी करने से पहले आपको अपनी बॉडी टाइप और साइज की सही जानकारी होनी चाहिए। अधिक टाइट या लूज कपड़ों से आपका लुक बेकार लगता है और आप असहज भी महसूस करते हैं।

**कपड़ों के रंग का सही चयन करें:** कपड़ों के रंग के सही चयन से भी आप स्टाइलिश दिख सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप पर किस रंग के कपड़े जचेंगे, इस बात की जानकारी हो। कपड़ो की मैचिंग भी सही होनी चाहिए। जैसे आपकी पैंट या जींस के रंग पर किस रंग की शर्ट, टी-शर्ट परफेक्ट मैच करेगी। सूज के कलर को भी मैच कराएं।

**कपड़ों को सही ढंग से रखें:** परफेक्ट लुक के लिए जरूरी है कि जो भी कपड़े आप पहन रहे हैं वह प्रेजेंटेबल हों। यानी सही ढंग से फोल्ड किए हों या आयरन हों। कपड़े का रंग न उतरा हो और चमक व नयापन बना रहें। इसके लिए वार्डरोब को व्यवस्थित करते रखें। कपड़ों में सिलवटें हो तो उसे बिना आयरन किए न पहनें।

**हेयरस्टाइल और शेव पर भी दें ध्यान:** कहते हैं कि पहला इंप्रेशन ब्यूटी होता है। लोग आपके लुक्स को देखते हैं, इसलिए परफेक्ट लुक के लिए अपने हेयरस्टाइल का ध्यान रखें। ट्रेंडी और आप के फेस कट पर सूट करने वाली हेयर स्टाइल लें। इसके अलावा आपको बियर्ड लुक चाहिए या क्लीन शेव रहना है, उसके मुताबिक खुद को मेंटेन करें।

**सूज और एक्सेसरीज:** आपके फुटवियर कपड़ों और मौके के मुताबिक हों। जैसे फॉर्मल कपड़ों पर किस तरह के सूज कैरी करने हैं? एथनिक वियर पर कैसे फुटवियर हों? ऑफिस या किसी पार्टी में आपके आउटफिट के मुताबिक सूज हों।



4-Jan -JSP- bhoomi -pg-4_Layout 1 1/4/2024 8:43 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### बोर्ड गठित होने तक रायगढ़ में प्रमाणीकरण

**रायगढ़।** नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में जिला मेडिकल बोर्ड का गठन न होने के कारण दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण का कार्य संभव नहीं हो पा रहा है। समस्या की गंभीरता को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में मेडिकल बोर्ड का गठन होने तक रायगढ़ में मेडिकल बोर्ड के द्वारा ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड जारी करने हेतु निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि आज जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ तहसील बरमकेला के ग्राम पड़कीडीपा निवासी भम्बर चौहान दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी जारी करने संबंधी आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। कलेक्टर के निर्देशन में सीएमएचओ आरएन मंडावी द्वारा उप संचालक समाज कल्याण शिवशंकर पाण्डेय से समन्वय कर ग्राम पड़कीडीपा निवासी श्रीमती शीला चौहान का दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी रायगढ़ जिले के मेडिकल बोर्ड के माध्यम से जारी किया गया है।

### भारत संकल्प यात्रा में लिया योजनाओं का लाभ

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन और सीएमओ मनीष गायकवाड़ के नेतृत्व में बिलाईगढ़ नगर पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर आयोजित किया गया। नगर पंचायत के नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उत्साह से इस यात्रा को सफल बनाए हैं और योजनाओं का लाभ लिए। कार्यक्रम में हमारे देश भारत को विकसित करने का संकल्प लिया गया। स्कूली बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों ने योजनाओं के लाभ का अनुभव साझा किया। इस यात्रा कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंच पर सोनल भट्ट, सुभाष जालान, धनेश साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### छत से गिरकर घायल मिस्त्री की मौत

**रायगढ़।** बीती रात एक युवक रिश्तेदार के छत से नीचे गिर गयाए जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र के मिट्ठुमुड़ा निवासी सलीम खान पिता करीम खान 28 वर्ष मोटर मकैनिक काम करता था। जो सोमवार को नया साल बनाने के लिए अपने बहन के घर चक्रधनगर थाना क्षेत्र के सूर्याविहार कालोनी गया थाए जहां रात में छत में बैठकर पार्टी मनाए और रात करीब 9 बजे घर आने के लिए निकल रहा थाए इस दौरान उसने सिढी की तरफ न जाकर सामने की तरफ चला गयाए जिससे छत से नीचे गिर गया। उसके गिरने की आवाज सुनकर जब रिश्तेदार घर से बाहर निकल कर देखे तो वह अचेत पड़ा थाए जिसे आनन-फानन में उसे मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

### चलती बाइक से गिरकर महिला की गई जान

**रायगढ़।** पति के साथ बाइक से मायके जा रही महिला अनियंत्रित होकर बीच सडक़ में गिर गई, जिससे गंभीर चोट लगने से उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार सरिया निवासी पकला चौहान पति उमेंद्र चौहान 35 वर्ष सोमवार शाम करीब 4 बजे अपने पति के साथ मायके त्रिभौना भतीजे की बर्थ.डे में शामिल होने के लिए जा रही थी। इस दौरान सरिया और परसरामपुर के बीच पहुंचे थे कि महिला बाइक से अनियंत्रित होकर पीछे की तरफ से गिर गई। जिसकी जानकारी होते ही उपेंद्र ने बाइक रोककर उसे उठायाए लेकिन सडक़ में गिरने के कारण उसके सिर व अन्य जगह गंभीर चोट आई थी। जिससे उसे आनन.फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गएए लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायगढ़ रेफर कर दिया। जिससे मेडिकल कालेज अस्पताल में उपचार के दौरान रात में ही मौत हो गई। मंगलवार को अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

## लूज प्वाईंट को सुधार करने व मुआवजे का शीघ्र निराकरण के निर्देश

# हाथी सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय वन्य प्राणियों को क्षति पहुंचाने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय हाथी सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिले में विद्युत करंट से हुई हाथियों की मृत्यु के संबंध में समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री गोयल ने विद्युत विभाग को ऐसे सभी लूज प्वाइंट को सुधार करने और एक माह के भीतर सभी विद्युत लाइन का मानक ऊंचाई अनुसार सुधार करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व विभाग को वन्य हाथियों द्वारा हुई फसल और मकान क्षति के प्रकरणों पर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया। साथ ही गांव में वन्य प्राणियों के शिकार करने वाले तथा हाथियों को नुकसान पहुंचाने के लिए करंट प्रवाह करने वालों पर भी सूचना रखने और विजिलेंस टीम द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने वन क्षेत्रों से गुजरने वाली विद्युत लाइनों को कवर्ड कंडक्टर इंसुलेशन हेतु विद्युत विभाग को प्राक्कलन तैयार कर वनमण्डलाधिकारी द्वारा शासन से



हाथी सुरक्षा समिति की बैठक में मौजूद कलेक्टर, डीएफओ व अन्य अधिकारी।

आवश्यक राशि मांग करने करने के निर्देश दिए। वन विभाग को मानव हाथी द्वंद्व की रोकथाम हेतु पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक सुरक्षा बल उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर श्री गोयल ने सभी एसडीएम को भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में विद्युत करंट से हो रही हाथियों की मृत्यु अत्यंत चिंताजनक है जिसे रोकथाम करना नितांत आवश्यक है। वन्य हाथियों हेतु सुरक्षित रहवासए सुगम आवागमनए सुरक्षा और मानव हाथी द्वंद्व प्रबंधन हमारी साझा जिम्मेदारी है। डीएफओ धरमजयगढ़ ने बताया कि वनमण्डल धरमजयगढ़ में वर्ष 2023 में हुई आठ हाथी मृत्यु में से छह हाथी मृत्यु विद्युत करंट से हुई है जो काफी गंभीर है। उन्होंने बताया कि 6 हाथियों में से एक हाथी की मृत्यु विद्युत तार की मानक ऊंचाई से कम होने पर उसकी चपेट में आने से हुई। इसी प्रकार एक हाथी की शिकार हेतु बिछाए गए तार की चपेट में आने तथा चार हाथी की मृत्यु फसल सुरक्षा हेतु बिछाए करंट तार के कारण हुई है। डीएफओ ने बताया कि अक्टूबर माह में सघन सर्वे कर वनमण्डल में कुल 821 लूज प्वाइंट का चिन्हांकन किया जिसे विद्युत विभाग द्वारा सुधार करवाया गया है। इसी प्रकार से नवंबर माह में 296 प्वाइंट का सूची मुख्यालय भेजा गया है। इस दौरान वनमण्डलाधिकारी द्वारा बताया गया कि वन क्षेत्रों में अवैध शराब निर्माण रोकने हेतु आबकारी विभाग द्वारा दगभौना में कार्यवाही की गई है। वन विभाग के आग्रह पर कलेक्टर श्री गोयल ने आबकारी विभाग को वन क्षेत्रों में समय समय पर अवैध शराब निर्माण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे मानव हाथी द्वद को रोका जा सके। बैठक में डीएफओ स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, एसडीएम खरसिया एवं धरमजयगढ़, विद्युत विभाग एवं धरमजयगढ़, कृषि, पुलिस विभाग, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहर में चार दिवसीय संकल्प यात्रा शिविर का आरंभ आज से

**विभिन्न वार्डों में लगेगा कैंप**




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम क्षेत्र में 5 जनवरी से 8 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप लगे। कैंप सुबह और दोपहर दो पाली में एक दिन में दो जगहों में लगेगा जहां जन्म, मृत्यु, राशन कार्ड, विभिन्न पेंशन योजना सहित रोड, नाली, पानी, सफाई और पीएम विश्वकर्म योजना एवं स्व निधि योजना के लिए हितग्राही आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

शासन के निर्देशानुसार भारत संकल्प विकसित भारत संकल्प यात्रा वन क्षेत्र में शुरू हो गई है रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में 5 से 8 जनवरी 2024 तक कैंप का आयोजन होगा। इसके लिए निगम के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कैंप में सभी विभाग के कर्मचारी अपने दस्तावेज सहित उपस्थित रहेंगे। कैंप में अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति होने के कारण सभी तरह के आवेदनों का समय सीमा के भीतर निराकरण होगा। शासन के निर्देशानुसार नगर निगम व नकरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हो रहा है। इसमें सभी वार्डों के लिए शासन के सभी योजनाओं के संभावित हितग्राहियों को संभावित लाभ पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम स्थानों में शासन के अंतर्गत कार्यरत सभी विभाग के स्टाल लगेंगे, जिसमें अधिकारी कर्मचारी संबंधित योजनाओं के हितग्राहियों से सीधे तौर पर आवेदन लेंगे और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 34 सामुदायिक भवन में विकसित भारत अभियान का पहला कैंप का आयोजन 5 जनवरी को लगेगा। कैंप सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। कैंप प्रभारी उप अभियंता दिलीप उरांव को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम स्थल में वार्ड क्रमांक 33 से 38 एवं 41 के हितग्राही आवेदन कर सकेंगे। इसी तरह 5 जनवरी की दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 23 बोईरदादर स्टेडियम में वार्ड क्रमांक 21 से 25 एवं 47, 48 के लिए कैंप का आयोजन होगा। कैंप प्रभारी उप अभियंता राजेश पंडा का नियुक्त किया गया है। 6 जनवरी की सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक वार्ड क्रमांक 13 मंगल भवन केवाड़ाबाड़ी बस स्टेंड में वार्ड क्रमांक 6 से 13 तक के लिए कैंप का अयोजन होगा। इसके लिए कैंप प्रभारी धीरत प्रजापति को नियुक्त किया गया है। 6 जनवरी की दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 43 गोरखा हाई स्कूल जिंदल रोड में कैंप का आयोजन होगा। यहां वार्ड क्रमांक 4, 5 एवं 43 से 46 तक हितग्राहि आवेदन कर सकेंगे। कैंप के लिए उप अभियंता मुन्ना ओझा होंगे। 7 जनवरी की सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक वार्ड क्रमांक 28 नगर निगम आडिटोरियम पंजरी प्लांट में कैंप का आयोजन होगा। कैंप में वार्ड क्रमांक 26 से 32 तक के हितग्राही विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। कैंप प्रभारी सुश्री यज्ञा सिदार को नियुक्त किया गया है। 7 जनवरी अपरान्ह दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 18 नटवर स्कूल मैदान में कैंप आयोजन होगा। यहां वार्ड क्रमांक 14 से 20 तक के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए मिशन प्रबंधक केदार पटेल को कैंप प्रभारी नियुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 01 पीजी कार्मस कालेज कोतरा रोड में 8 जनवरी की सुबह 9 से दोपहर 1 तक कैंप का आयोजन होगा। कैंप में वार्ड क्रमांक 1 से 3 एवं 39, 43 के निवासी विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। कैंप प्रभारी उप अभियंता हिराधर राठिया होंगे।

# बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत सुकन्या समृद्धि योजना की शुरूआत की गई है। यह योजना माता पिता को अपनी बेटी की भविष्य की शिक्षा और शादी के खर्चों के लिए एक फंड बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

डीपीओ एलआर कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता किसी भी डाकघर में खुलवाया जा सकता है। यह खाता बेटी के जन्म के समय या फिर 10 साल की उम्र तक यह खाता खुलवाया जा सकता है। जिसमे खाता न्यूनतम 250 रूपये से खोला जा सकता है। एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम रूपए 1000 व अधिकतम रूपये एक लाख 50 हजार की राशि रूपए 100 के गुणकों में जमा की जा सकती है। एक बेटी के नाम से केवल एक खाता खोला जा सकता है। परिवार में अगर दो बेटियां हैं तो दोनों के लिए यह खाता खोला जा सकता है। हालांकि जुड़वां बच्चे होने की स्थिति में संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर तीसरा खाता भी खुलवाया जा सकता है। इस खाते को देश भर के किसी भी डाकघर में स्थानांतरित करवाया जा सकता है। बेटी की उम्र 18 वर्ष होने पर जमा राशि का 50 प्रतिशत बेटी की शिक्षा अथवा शादी के लिए निकलवा सकते है।

खाते में जमा सम्पूर्ण धनराशि व ब्याज की रकम को खाते से 21 साल पूर्ण होने पर या धारिका के विवाह पर जो भी पहले हो निकाला जा सकता है। खाता किसी भी डाकघर में अविवाहित बालिका का जन्म प्रमाण पत्र व माता पिता वैधानिक संरक्षक का फोटो पहचान पत्रध्निवास प्रमाण पत्र देते हुए खुलवा सकते है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए ब्याज का निर्धारण भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 सी के अंतर्गत आयकर में छूट का प्रावधान है।

# 7 साल पहले शुरू हुए पानी टंकी का निर्माण अब तक अधूरा

**पुसौर।** एनटीपीसी क्षेत्र के ग्राम आरमुडा में लगभग 7 वर्ष पूर्व स्कूल के किनारे एक विशाल पानी टंकी बनाया जाकर वहां नलकुप खनन भी कराया जा चुका है इसके बावजूद भी इसका पानी आरमुडा ग्राम में नहीं पहुंच पाई है।

जानकारी के मुताबिक टंकी में लिकेज आ गया था जिसे बनाने के लिए सालों लग गए वहीं जब टंकी तैयार हुआ तो बना नलकुप बिगड गया और जब ये नलकुप बना तो पानी की सप्लाई पाईप टुट गया। ये सारी व्यवस्था एनटीपीसी लारा के अधीन होने की बात कहते हुए सरपंच गुरूबारी भोमिया के प्रतिनिधि ने बताते हुए कहा कि अब



इस टंकी सहित समूचा व्यवस्था को एनटीपीसी ने पीएचई के अधीन कर चुका है ये इसके समूचित व्यवस्था में कब कारगर कदम उठायेगी यह तो पता नहीं लेकिन कुछ महिने बाद गर्मी आने वाला है तब उक्त पेय जल व्यवस्था को तैयार होना जरूरी है।

# महलोई और कांदागढ़ में संकल्प यात्रा

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम महलोई में 11 से 2 बजे तक तथा कांदागढ में 2 से 5 बजे तक विकसित भारत संकल्प षिविर का आयोजन हुआ। महलोई में सरपंच गुरूबारी भोमिया एवं सचिव अनिता सिदार सहित अन्य पंचायत पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों के व्यवस्था



में समुचा गतिविधियों के साथ लगे स्टाल में पंचायत के लोगों ने जहां अपना अपना आवेदन किया वहीं जो शासकीय योजनाओं का लाभ लिया है वे सरकार के प्रति कृतज्ञता जताया।

उक्त कार्यक्रम अंतर्गत मंच में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष व जनपद सदस्य गौरांग साव, पूर्व सरपंच ललित गुप्ता, भाजपा महामंत्री मनोरंजन साहू, जिला मंत्री महिला मोर्चा इंदिरा गुप्ता, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष क्षीर कुमारी डनसेना, फत्तेचंद्र प्रधान, तरूण प्रधान सहित अन्य गणमान्य मौजुद रहे जिन्हौने कार्यक्रम को गति प्रदान करने के साथ ही उपस्थित लोगों का उत्साह वर्धन किया। इसी कडी में महलोई हाईस्कूल के शिक्षिका विनोदिनी शर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा रानी लक्ष्मीबाई मंचन पर इन्हौने पुरस्कार वितरण किया। कांदागढ में सरपंच श्रीमती सुलोचना फकीर प्रधान एवं सचिव विराट सिदार सहित पंचायत के अन्य लोगों के व्यवस्था में षिविर प्रारंभ हुआ जहां बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, अपनी कहानी अपनी जुबानी, धरती कहे पुकार के तथा सरकार के प्रति किये जा रहे आभार प्रदर्षन लोगों के आकर्शण का केन्द्र बना। मातृ वंदना, पीएम आवास, स्वच्छभारत मिशन, स्वास्थ्य विभाग, महिला समुह, पीएम किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएम प्रणाम योजना को लेकर लोगों ने आवेदन दिया।

## संकल्प यात्रा में दिव्यांग हितग्राहियों का उत्साह

**सारंगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर आयोजित जा रहा है। जन जन के विकास के लिए चल रहे इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में सामान्य नागरिक के साथ साथ दिव्यांग भी उत्साह और नई ऊर्जा से इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं। जिले के सारंगढ़ विखं के परसदा छोटे, डोमाडीह अ छिंद, अमलीपाली अए बरमकेला क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिचरी और बुदेली में बिलाईगढ़ क्षेत्र में ग्राम पंचायत चिचोली, सलिहाघाट, बम्हनपुरी और पिकरीपाली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का कार्यक्रम स्थल में पहुंचने पर महिलाओं द्वारा रंगोली सजा कर कलश स्थापना व दीप प्रज्वलित कर फूल माला से स्वागत किया।

# बाल साहित्य देवपुत्र ने अयोध्या पर जारी किया विशेष अवधेश विशेषांक

**रायगढ।** 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य मंदिर में श्रीराम की मूर्ति की पुनः प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर सरस्वती बाल कल्याण न्यास इंदौर के द्वारा जनवरी 2024 के अंक को भगवान श्री राम और उनके पूर्वजों पर समर्पित करते हुए अवधेश विशेषांक निकल गया है। देवपुत्र के इस अंक को विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रमोट किया गया है।




यह जानकारी देते हुए संस्थान के प्रचार प्रमुख संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि 22 जनवरी 2024 भारत के महान सांस्कृतिक इतिहास का महत्वपूर्ण दिवस होगा। इस दिन पवित्र पुरियों में पहली पुरी अयोध्या में 500 वर्षों के संघर्ष के बाद बहुत बलिदान के बाद श्री रामलला अति भव्य मंदिर में फिर से स्थापित होंगे। बाबर की आज्ञा से तोड़ दिए गए भगवान श्रीराम के प्राचीन मंदिर को विश्व भर के राम भक्तों की आस्था पर चोट करते हुए विध्वंस होने के कलंक को धोने का यह महान अवसर होगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर देवपुत्र का यह विशेष अंक भगवान श्री राम और उनके पूर्वज कुछ महाप्रतापीय अयोध्या नरेशों के संक्षिप्त परिचय पर केंद्रित रखा गया है। इसलिए देवपुत्र के इस अतिमहत्वपूर्ण अंक को सहेज कर सुरक्षित रखा जा सकता है। जिससे बच्चों को भगवान राम के संबंध में रोचक प्रेरक जानकारी दी जा सके। उन्होंने बताया कि इस अंक में यह सब पौराणिक कथाएं हैं। भारतीय संस्कृति में इतिहास को पुराने के माध्यम से प्रस्तुत करने की परंपरा रही है। अत्यंत रोचक होने से पुराण कथाएं बाल साहित्य की भी एक महत्वपूर्ण विधा है। यह कथाएं रहस्य रोमांच ही नहीं तो हमारे मन में जीवन मूल्य की स्थापना करती हैं। इस अंक की कथाएं भी सत्य त्याग शौर्य दानशीलता आज्ञाकारिता आदि श्रेष्ठ जीवन के लिए आवश्यक गुना का बोध कराती हैं। इच्छुक व्यक्ति इस अंक को प्राप्त करने के लिए निकटस्थ सरस्वती शिशु मंदिर में भी संपर्क कर सकते हैं।

# आवश्यक वस्तुओं के आपूर्ति हेतु दल गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर आवश्यक वस्तुओं की सतत आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं के निर्बाध रूप से आपूर्ति निगरानी हेतु जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खाद्य विभाग, परिवहन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का दल गठन किया गया है। गठित दल में रायगढ़ शहरी क्षेत्र में आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, तहसीलदार लोमस मिरी, सहायक खाद्य अधिकारी रायगढ़ श्रीमती राबिया खानए खाद्य निरीक्षक रायगढ़ चुड़ामणी सिदार एवं मंडी सचिव बीआर नायकक को शामिल किया गया है। इसी तरह रायगढ़ पुसौर ग्रामीण क्षेत्र में एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती नेहा उपाध्याय, तहसीलदार पुसौर शिवम पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं को दायित्व सौंपा है।

## जिंदल आदर्श भारती में वार्षिकोत्सव तरंग का आयोजन

**रायगढ़।** जिंदल आदर्श भारती स्कूल किरोडीमलनगर में वार्षिकोत्सव तरंग का भव्य आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम हाऊस वाईज विभिन्न विधाओं के कुल 25 कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न प्रांतों के भारतीय लोकनृत्य, भारतीय संस्कृति पर आधारित नृत्य नाटिकाओं सहित सामूहिक गान आदि का मंचन किया गया। छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। 845 विद्यार्थियों नें इस कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल आईएएस उपस्थित रहे। उनके द्वारा राज्यस्तरीय टाप - टेन सूची में आने वाले छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया। विषयवार 100 अंक में 100 अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को एकेडमिक एवार्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्तिकेय गोयल ने अपने उद्बोधन कहा कि यह विद्यालय टापर छात्रों का फैक्ट्री है, जिसमें हर वर्ष विद्यार्थी मेरिट सूची में अपना स्थान बनाकर पूरे प्रदेश में परचम लहराते हैं। साथ ही कहा कि वर्तमान समय में विद्यालय केवल पठन-पाठन संबंधित गतिविधियों का अयोजन ही नहीं होता वरन्‍ छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए अनेक संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम से विद्यार्थी का अपनी संस्कृति से जुड़ाव सुनिश्चित होता है। छात्र समाज व विभिन्न संस्कृतियों से परिचित होते हैं। वहीं समाज में सांस्कृतिक गतिविधियों से आपसी समन्वय बढ़ता है। ये गतिविधियां छात्रों के दिमाग को जागृत करने व मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को बढ़ाने में मदद करती है।

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला- जशपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202310031400019/अ-20 (2)/2022-23

एतद् द्वारा जशपुर, प.ह.न.-07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमहंस अग्रज आ. मोतीलाल सिंह निवासी ग्राम खजांचीटोली जशपुर तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम- जशपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 211/2 रकबा 0.109 है. भूमि में से रकबा 0.12/1308 वर्गफीट भूमि को स्वयं के नाम पर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय, जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जशपुर के माध्यम से इस न्यायालय को जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 29.01.2024 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार जशपुर (छत्तीसगढ़)**

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels /RahulTravelsOneWay www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
राशि: स्लीपर 12,500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि: स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7247-411411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसिन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी.)
जर्मन दवाईयां द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: 9406004581
बिलासपुर: 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।